Paymanager Info rajsevak.com

रोजाना एक प्रश्न

श्री हीरालाल जाट वरिष्ठ अध्यापक (अंग्रेजी)
एक्सेल प्रोग्रामर व सॉफ्टवेयर मेकर
महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बर, पाली

आज का टॉपिक

राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत iStart Rajasthan Start Up platform पर विद्यालय का रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया

iSTART

School Registration at iStart Rajasthan Start Up platform

अपने इंटरनेट ब्राउजर में https://istart.rajasthan.gov.in साइट खोले, इस पर कुल 8 टैब वर्टिकल में मिलेंगे। इसमें दो नंबर पर school startup नाम से टैब मिलेगा। इस टैब के अंतर्गत कुल तीन आप्सन मिलेंगे , › जिसमें पहला आप्सन है about › इसमें भी चार आप्सन है, जिसमें School, school login, Mentor teacher, student है। इसमें आप school आप्सन पर क्लिक करने पर एक नया विंडो खुलेगा। उस पर Apply Now का बटन मिलेगा, उस पर क्लिक करना है। Apply Now पर क्लिक करने पर आपको सीधे iSTART के school page पर लेकर जायेगा। इसके अंतर्गत विद्यालय के विवरण से रिलेटेड एक फार्म ओपन होता हैं। जिसके कालम निम्नानुसार होंगे

- 1 Institute Details /संस्था विवरण
  - i. Academic type में आप प्रथम आप्सन school पर क्लिक करें।
  - ii. School type में Rajasthan Government या Other में से Rajasthan Government सलेक्ट करें।
  - iii. School code में आप विद्यालय के शाला दर्पण की nic ID लिखें।
  - iv. School UDISE Code फिल करें।
- 2 Institute Geographical Information / संस्था की भौगोलिक जानकारी ›
  - संस्था का नाम हिन्दी और अंग्रेजी दोनों फ़ोंट (भाषाओं) में भरने है। नोट - यदि आपके स्कूल की प्रोफाइल शाला दर्पण पर अपडेट हैं तो ज्यों ही आप संस्था विवरण में शाला दर्पण कोड लिखेंगे, अंग्रेजी की डिटेल स्वत: फिल हो जायेगी।
  - एड्रेस /पता :- अंग्रेजी में भरा हुआ मिल जाएगा। हिंदी में भरना होगा
  - Educational division :- इसमें 9 शैक्षिक संभाग में से आपका संभाग सलेक्ट करें।
  - District :- संभाग को सलेक्ट करने के बाद ही जिला सलेक्ट करके फिल कर पायेंगे।
  - Mentor teacher :- इसमें जिला सलेक्ट के बाद ही mentor teacher की लिस्ट ओपन होगी।
  - Block :- Block को टाइप करके लिखें, Rural/Urban में से एरिया सलेक्ट करें।
  - Village Panchayat का नाम लिखें।
  - Village/ward :- इसमें आपका गांव दूसरी ग्राम पंचायत का हिस्सा है तो यहां विद्यालय जहां अवस्थित है, उस ग्राम का नाम लिखें। और यदि उसी ग्राम पंचायत में है तो वार्ड नंबर या नाम लिखें। Pin code :- विद्यालय जहां अवस्थित है, वहां का पिनकोड नंबर लिखना है।
- 3 Contact Information / सम्पर्क जानकारी
  - (i). Institute phone number :- इसमें संस्था का बेसिक नंबर लिखना है
  - (ii). Institute Email :- इस कालम में संस्था की ईमेल लिखी जायेगी। तथा ओटोपी के माध्यम से वेरिफाई होगी।
  - (iii). Institute website :- अगर उपलब्ध हो तो जरूर भरें। अन्यथा खाली छोड़ देवें। यह मेंडेटरी नहीं है।
  - (iv). Name of principal/Vice Chancellor/Dean में से जो लागू हो , वो भरें।
  - (v). Name of principal फिल करें। (vi). Principal की ईमेल फिल करें। (vii). Principal के मोबाइल नंबर भरें।

  संस्था प्रतिनिधि प्रकार :- ◦ principal/VC/Dean ◦ other faculty में से चयन करें।
- 4 Institute Representative Details संस्था प्रतिनिधि विवरण
  - (i) Faculty Code :- जो भी आपका फेकल्टी हैं, उसका कोड भरें। फेकल्टी जो रिप्रेजेंटेटिव कर रहा है, उस व्यक्ति के कोड नंबर भरने है।
  - (ii) SSO ID :- इसमें फेकल्टी की एसएसओ आईडी भरनी है।
  - (iii) Faculty का नाम :- Dr./Prof./ Ms./Mr./Mrs. में से सलेक्ट करते हुए आगे के कालम में अंग्रेजी व हिंदी में नाम लिखें।
  - (iv). Date of birth :- जिस फेकल्टी की एंट्री हो रही है, उसकी जन्मदिनांक भरनी है। उसके बाद Gender सलेक्ट करके फिल करें।
  - (v). Faculty का मोबाइल या टेलिफोन नंबर फिल करें। (vi). Faculty की ईमेल आईडी फिल करें।
  - (vii). Social profile link :- Faculty का सोशियल प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर या युट्युब चैनल या वेबसाइट या ब्लॉग्स का लिंक
  - (viii) Teaching subject :- Faculty का शिक्षण विषय सलेक्ट करके फिल करें।
  - (viii) Teaching classes :- Faculty का शिक्षण कक्षाओं को सलेक्ट करके फिल करें।
- 5 Other Details /अन्य जानकारी › यहां पर एक मात्र जानकारी है, जिसमें आपको अपने संस्था के अंदर कोई उद्यमिता entrepreneurial विकास प्रकोष्ठ हो तो Yes सलेक्ट करें और यदि नहीं है तो No सलेक्ट करें।
- 6 Document checklist / दस्तावेज जांच सूची › यहां पर दस्तावेज को अपलोड करने का आप्सन मिलेगा। इसमें आप अपनी संस्था के प्रमाणीकरण का दस्तावेज पीडीएफ में अपलोड करेंगे। पीडीएफ के अलावा जेपीजी या पीएनजी में अपलोड कर सकते हैं। लेकिन इसकी साइज़ 2MB से कम होनी चाहिए। यह अपलोड का आप्सन mandatory है।

इस प्रकार आप iSTART start up platform पर अपने विद्यालय की डिटेल भर कर सबमिट करके रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

NOTE उक्त सामग्री सामान्य जानकारी हेतु साथियों को उपलब्ध कराई गई है, जो राज्यादेशों और अन्य कारणों से असंगत हो सकती है, ऐसी स्थिति में राज्यादेश के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जावे, **Paymanager Info** समूह के सदस्य और **rajsevak.com** किसी भी प्रकार जिम्मेदार नहीं होंगे।